

# कृति-धनुष ने मचाया धमाल

## रिलीज के साथ ही इंटरनेट पर छाया ट्रेलर

फिल्म 'रांझणा' के बाद एक बार फिर निर्देशक आनंद एल राय, अभिनेता धनुष और संगीत के जादूगर ए.आर. रहमान की तिकड़ी बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है. उनकी नई फिल्म 'तेरे इश्क में' का ट्रेलर रिलीज के साथ ही सोशल मीडिया पर छा गया है. इस बहुप्रतीक्षित फिल्म में कृति सेनन और धनुष की जोड़ी पहली बार एक साथ नजर आ रही है, और दोनों की तीव्र केमिस्ट्री ने दर्शकों के दिलों पर सीधा असर किया है.

ट्रेलर की शुरुआत होती है दिल्ली की तंग गलियों में बढ़ते तनाव और शंकर (धनुष) की भारी-भरकम आवाज़ से. उनका संवाद 'पिछली बार तो कुंदन था, मान गया... पर इस बार शंकर को कैसे रोकोगे? 'सीधे रूह में उतर जाता है और यही लाइन सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है.

यह ट्रेलर साफ बताता है कि इस बार कहानी प्यार से कहीं आगे जाकर जुनून और बगावत की आग में झुलसेगा. कृति सेनन फिल्म में मुक्ति का किरदार निभा रही हैं एक साहसी, विद्रोही लड़की, जो शंकर के प्यार में पड़ती है. दोनों का रिश्ता गहराता है, लेकिन परिस्थितियाँ उन्हें अलग कर देती हैं. शंकर इस जुदाई को नहीं सह पाता और टूटे दिल की चुभन उसे हिंसा की राह पर ले जाती है. ट्रेलर में दिखाया गया है कि शंकर अपनी पीड़ा में 'पूरी दिल्ली को राख में बदलने' की धमकी देता है.

यह फिल्म की तीव्रता और शंकर के चरित्र की जटिलता को बखूबी दर्शाता है. 2013 में आई 'रांझणा' की 10वीं सालगिरह पर इस फिल्म की घोषणा की गई थी. तब से ही दर्शक इसे लेकर उत्साहित थे, और अब ट्रेलर से साबित हो गया है कि यह फिल्म उम्मीदों पर खरी उतरने वाली है. टी-सीरीज़ और कलर येलो प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित इस फिल्म में आनंद एल राय, हिमांशु शर्मा, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार जैसे दिग्गज जुड़े हैं. ऐसे में फिल्म का स्तर अपने आप ऊँचा हो जाता है. रहमान का बैकग्राउंड स्कोर और गाने ट्रेलर को एक महाकाव्य प्रेम कहानी का रूप देते हैं.

# 'मस्ती 4' का हाई एनर्जेटिक गाना 'वन इन करोड़' रिलीज़

**फिल्म** 'मस्ती 4' का ग्लैमरस और हाई एनर्जेटिक गाना 'वन इन करोड़' रिलीज़ हो गया है. 'मस्ती 4' के ग्रैंड रिलीज़ में अब बस एक हफ्ता बचा है, और इसी बीच मेकर्स वेवबैंड प्रोडक्शन ने फिल्म का तीसरा हाई एनर्जेटिक गाना 'वन इन करोड़' रिलीज कर दिया है. रिब-टिक्लिंग ट्रेलर और चार्टबस्टर हिट्स 'पकड़ पकड़' और 'रसिया बलमा' के बाद यह नया गाना दर्शकों के उत्साह को और बढ़ा रहा है.

मीत ब्रदर्स और मेलो डी द्वारा लिखे इस नए गीत का संगीत मीत ब्रदर्स ने तैयार किया है . फिल्म के ग्लैमरस साइड, भव्यता और विज़ुअली स्टनिंग वाइब को दर्शाता यह ट्रैक यूके की एक विशाल, आलीशान हवेली या एस्टेट में फिल्माया गया है, जो इस गाने को और रिचनेस देता है. सिर्फ यही नहीं एलीगेंट डेकोर, हाई-फैशन स्टाइलिंग और पॉलिश्ड एस्थेटिक्स का संगम, यह गीत 'मस्ती' फ्रेंचाइज की बोल्ड और फन-लविंग पहचान को मजबूती से उभारता है.

इस गाने में ओजी 'मस्ती' बॉयज़ रितेश देशमुख, विवेक ओबेरॉय और आफताब शिवदासानी नज़र आ रहे हैं, जिनके साथ प्रमुख अभिनेत्रियां रूही सिंह, श्रेया शर्मा और एलनाज़ नोरौज़ी भी शामिल हैं. इनके साथ अर्जुन वारसी और नरगिस फाखरी भी दिखाई देते हैं, जो सभी अपनी कमाल की स्क्रीन प्रेज़ेंस और चार्म से गाने को और आकर्षक बनाते हैं.

# सैफ अली स्टारर फिल्म 'हैवान' के सेट से आई पहली झलक

**मशहूर** फिल्म निर्माता प्रियदर्शन ने अपनी आगामी फिल्म 'हैवान' के सेट से प्रशंसकों को एक अनोखी झलक दिखाई है. प्रियदर्शन ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा करते हुए टीम के साथ दिखाई दिए जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि उन्होंने इस फिल्म में अभिनेता मोहनलाल के शामिल होने की पुष्टि की है. फिल्म में सुपरस्टार मोहनलाल और बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान मुख्य भूमिका में हैं. प्रियदर्शन ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'ज़िंदगी को देखो और यह कैसे बदलती है... मैं यहाँ हूँ, 'हैवान' के शूटिंग सेट पर, अपने सबसे बड़े क्रिकेट नायकों में से एक और अपने पसंदीदा फिल्म आइकन के बेटे के साथ काम कर रहा हूँ. सचमुच, ईश्वर दयालु है. '




प्रियदर्शन ने जब से सैफ अली खान और अक्षय कुमार अभिनीत अपनी अगली निर्देशित फिल्म की घोषणा की है, तभी से प्रशंसक बेसब्री से अपडेट का इंतजार कर रहे हैं. अक्षय कुमार ने अक्टूबर में हैवान के आखिरी शेड्यूल की शूटिंग पूरी होने की पुष्टि करते हुए कहा, 'हैवान का आखिरी शेड्यूल... यह कैसा सफ़र रहा है. इस किरदार ने मुझे कई तरह से प्रेरित, गढ़ा और हैरान किया है. प्रियन सर का हमेशा आभारी रहूँगा, आपके सेट घर जैसे लगते हैं. और सैफ, हंसी, सहजता और पर्दे पर उन सभी सहज पलों के लिए शुक्रिया. 'अक्षय और सैफ ने फिल्म 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी', 'ये दिल्लगी' और 'आरज़ू' जैसी फिल्मों में साथ काम किया है, 17 साल बाद फिर से साथ काम कर रहे हैं. उनका आखिरी साथ विजय कृष्ण आचार्य की टशन (2008) में था. सैयामी खेर भी इस फिल्म में हैं.

'हैवान' का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस ने थेस्पियन फिल्म्स के सहयोग से किया है और वेंकट के. नारायण और शैलजा देसाई फेन सह-निर्माता हैं. कलाकारों और किरदारों के बारे में और जानकारी अभी सामने नहीं आई है. निर्माता 2026 में इसे भव्य रूप से रिलीज़ करने का लक्ष्य बना रहे हैं.

# ओटीटी पर रोमांस करते दिखेंगे इमरान व भूमि

करीब एक दशक तक बड़े पर्दे से दूर रहने के बाद बॉलीवुड के चॉकलेटी स्टार इमरान खान एक बार फिर अपनी पहचान साबित करने लौट रहे हैं. 'जाने तू या जाने ना' जैसी सुपरहिट फिल्म से युवाओं के दिलों में अपनी जगह बनाने वाले इमरान, पिछले कई सालों से कमबैक की खबरों को लेकर चर्चा में थे, लेकिन अब खुद एक्टर ने अपनी नई फिल्म के बारे में बड़ा खुलासा कर दिया है. दिलचस्प बात यह है कि लम्बे गैप के बाद इमरान किसी भव्य सिनेमाघर में नहीं, बल्कि डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वापसी करने जा रहे हैं. एक इंटरव्यू में इमरान ने फिल्म से जुड़े कई अहम पहलुओं पर बात की. उन्होंने बताया कि यह कहानी काफी पर्सनल और इमोशनल है, जो वास्तविक जीवन के रिश्तों की उलझनों



और परतों को दिखाती है. फिल्म का निर्देशन दानिश असलम ने किया है, जो इमरान के लंबे समय से दोस्त हैं. दिलचस्प रूप से, फिल्म का विचार उन्हीं दोनों के जीवन के अनुभवों से प्रेरित है— दानिश असलम शादीशुदा हैं, जबकि इमरान अपनी निजी जिंदगी में तलाक के दौर से गुज़र चुके हैं. इस तरह कहानी में रिश्तों का यथार्थवादी दृष्टिकोण देखने को मिलेगा. फिल्म में इमरान खान के साथ भूमि पेडनेकर लीड रोल में हैं.

भूमि को लेकर इमरान ने कहा कि उन्होंने सेट पर बेहद सकारात्मक माहौल बनाया और अपनी अभिनय क्षमता से सभी की उम्मीदों पर खरी उतरीं. दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को लेकर फैंस पहले ही उत्साहित हैं, क्योंकि यह एक फ्रेश पेयरिंग है. फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और वर्तमान में पोस्ट-प्रोडक्शन का काम चल रहा है.

# ग्रैमी 2026 में गूंजेगी 'महाकुंभ की आवाज'

## कनिका कपूर के गाने को मिला ग्लोबल नॉमिनेशन

भारतीय संगीत जगत के लिए यह बेहद गर्व की बात है कि देश की लोकप्रिय सिंगर कनिका कपूर का महाकुंभ आधारित गीत अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी गूंज बिखेरने को तैयार है. अगले वर्ष आयोजित होने वाले 68वें ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 के लिए कनिका कपूर के 'साउंड्स ऑफ महाकुंभ' एल्बम के शीर्ष गीत को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम कैटेगरी में नामांकित किया गया है. यह उपलब्धि न केवल उनके करियर की एक बड़ी उपलब्धि है, बल्कि भारतीय संगीत और सांस्कृतिक ध्वनि को विश्व मंच पर पहुंचाने वाला एक ऐतिहासिक क्षण भी है. कनिका ने महाकुंभ मेले के दौरान इस गीत को रिकॉर्ड किया था, जिसका मकसद भारत के इस महान आध्यात्मिक पर्व की भावना को दुनिया तक पहुंचाना था. एल्बम को सिद्धांत भाटिया ने प्रोड्यूस किया है, जिन्होंने पूरे प्रोजेक्ट को सांस्कृतिक स्वरूप देने में अहम भूमिका निभाई. अब जब इस एल्बम के प्रमुख गीत को बेस्ट ग्लोबल म्यूजिक एल्बम श्रेणी में नामांकन मिल गया है, तो भारतीय संगीत की वैश्विक उपस्थिति एक बार फिर मजबूत हो गई है.

कनिका कपूर ने अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा—'साउंड्स ऑफ कुंभ का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है. इस गीत को अपनी आवाज देना मेरे करियर की सबसे बड़ी खुशी में से एक है. यह नॉमिनेशन सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि पूरी टीम और भारतीय संस्कृति का सम्मान है. 'महाकुंभ, जो हर बार करोड़ों श्रद्धालुओं का केंद्र होता है, इस बार अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी अपनी पहचान दर्ज करा रहा है. गीत की धुन से लेकर शब्दों तक, सबमें भारतीय परंपरा की झलक दिखाई देती है.




**टीवी** शो 'बिग बॉस 19' अब एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गया है, जहां दर्शकों की भावनाएं, प्रतियोगियों के रिश्ते और गेम का असली रंग खुलकर सामने आने वाला है. शो में शुरू होने जा रहा है फैमिली वीक वह हफ्ता जिसे देखने के लिए हर सीजन दर्शक बेताबी से इंतजार करते हैं. यह वह वक्त होता है जब घर में बंद कंटेस्टेंट महीनों बाद अपने किसी करीबी को देखकर भावुक हो जाते हैं, और साथ ही गेम में नई ऊर्जा भी भरते हैं.

इस बार भी बिग बॉस हाउस में कई बड़े नामों के परिवार के सदस्य एंट्री लेने वाले हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो सबसे पहले घर में एंट्री होगी गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा खन्ना की. उनके आने से गौरव को भावनात्मक सपोर्ट मिलेगा और वे गेम में नई मजबूती के साथ उतरेंगे. इसके बाद अमाल मलिक को सपोर्ट करने उनके पिता डब्बू मलिक एक बार फिर बिग बॉस हाउस का




# बिग बॉस 19 में फैमिली वीक धमाकेदार, घर में आएंगे मेहमान

हिस्सा बनेंगे. तान्या मित्तल के भाई की एंट्री भी शो में नया जोश भर देगी. वहीं फरहाना भट्ट की मां श्रीनगर से आकर बेटी को हौसला देंगी. दर्शकों का उत्साह उस वक्त चरम पर पहुंच जाएगा जब शाहबाज बादेशा को सपोर्ट करने उनकी बहन शहनाज गिल घर में एंट्री लेंगी.



# प्रमोशन में भावुक हुए विवेक

## मस्ती-4 की रिलीज से पहले वायरल हुआ इंटरव्यू

बॉलीवुड एक्टर विवेक ओबेरॉय एक बार फिर सुर्खियों में हैं, लेकिन इस बार वजह उनकी आने वाली फिल्म 'मस्ती 4' नहीं, बल्कि एक ऐसा हादसा है जिसे याद कर आज भी उनका दिल दहल उठता है. हाल ही में फिल्म के प्रमोशन के दौरान एक इंटरव्यू में विवेक ने राजस्थान में 'रोड' फिल्म की शूटिंग के समय हुए एक दर्दनाक अनुभव को साझा किया. उस घटना ने न सिर्फ उनकी जान लगभग ले ली थी, बल्कि उनकी पूरी जिंदगी का नजरिया भी बदलकर रख दिया.

विवेक बताते हैं कि फिल्म 'रोड' की शूटिंग के दौरान हुई एक दुर्घटना आज भी उन्हें अंदर तक झकझोर देती है. उस शाम वे बीकानेर से जैसलमेर जा रहे थे. रास्ता सुंदर था, माहौल शांत, लेकिन रात की कम विजिबिलिटी के बीच ड्राइवर की तेज रफ्तार उन्हें लगातार परेशान कर रही थी. विवेक ने लगभग 15-20 बार उससे गाड़ी धीमी करने को कहा, लेकिन ड्राइवर नहीं माना. कुछ देर बाद उन्होंने अपनी सीट पीछे की ओर झुका ली और ठीक उसी पल जिंदगी ने करवट ली. अचानक गाड़ी एक ऊंटगाड़ी से जा टकराई, जिसमें लंबी-लंबी लोहे की छड़ें लदी थीं. टक्कर इतनी जोरदार थी कि छड़ें विंडशील्ड तोड़ते हुए सीट तक आ पहुंचीं. अगर विवेक सीधा बैठे होते, तो वे छड़ें उनके सीने या सिर में घुस सकती थीं. वे कहते हैं 'मैं कार से बाहर भी नहीं निकल पा रहा था क्योंकि छड़ें मेरे ऊपर थीं. उस दिन मैं लगभग मर ही गया था.



# पीएनबी में लोकल बैंक अधिकारी पदों के लिए आवेदन शुरू

पंजाब नेशनल बैंक ने लोकल बैंक अधिकारी (एलबीओ) के 750 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है. इच्छुक अभ्यर्थी 3 नवंबर से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और आवेदन की अंतिम तिथि 23 नवंबर है. इस भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 20 वर्ष और अधिकतम आयु 30 वर्ष निर्धारित की गई है. आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आयु में छूट दी जाएगी.

इस पद के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक की डिग्री अनिवार्य है. आवेदन के समय अभ्यर्थियों को स्नातक डिग्री और प्राप्त अंकों का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा. आवेदन शुल्क सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 1,180 रुपये, जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए केवल 59 रुपये है.

शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग या अन्य डिजिटल माध्यम से किया जा सकता है. चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन परीक्षा, भाषा दक्षता परीक्षा और व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल होंगे. पीएनबी ने अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि आवेदन भरने से पहले आधिकारिक अधिसूचना ध्यानपूर्वक पढ़ें और सभी शर्तों का पालन करें. अभ्यर्थी पीएनबी की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं.

## आरआरबी एनटीपीसी स्नातक स्तर भर्ती 2025

# 5810 पदों पर आवेदन शुरू

परेलवे भर्ती बोर्ड ने एनटीपीसी स्नातक स्तर भर्ती 2025 के लिए प्रारूप अधिसूचना जारी करते हुए कुल 5810 पदों पर नियुक्तियों की घोषणा की है. इस भर्ती प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन 21 अक्तूबर से प्रारंभ हो चुके हैं और अभ्यर्थी 20 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं.

रेलवे की यह भर्ती लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहे स्नातक अभ्यर्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर मानी जा रही है, जिसमें स्टेशन मास्टर, माल गाड़ी प्रबंधक, यातायात सहायक, मुख्य वाणिज्यिक एवं टिकट पर्यवेक्षक, वरिष्ठ लिपिक सह टंकक तथा कनिष्ठ लेखा सहायक सह टंकक जैसे पद शामिल हैं. भर्ती के लिए निर्धारित आयु सीमा 1 जनवरी के आधार पर न्यूनतम 18 वर्ष और अधिकतम 33 वर्ष तय की गई है. सभी पदों के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री अनिवार्य रखी गई है, जबकि टंकण से जुड़े पदों के लिए हिंदी या अंग्रेज़ी टंकण का ज्ञान आवश्यक होगा.

आवेदन शुल्क सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 500 रुपये तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग, महिला और तृतीय लिंग अभ्यर्थियों के लिए 250 रुपये निर्धारित किया गया है. विशेष बात यह है कि संगणक आधारित परीक्षा में उपस्थित होने पर सामान्य वर्ग को 400 रुपये तथा आरक्षित वर्गों को 250 रुपये की वापसी दी जाएगी. चयन प्रक्रिया दो चरणों की संगणक आधारित परीक्षाओं—सीबीटी-1 और सीबीटी-2—के माध्यम से पूरी होगी. इसके बाद आवश्यक होने पर टंकण परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके पश्चात दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सकीय परीक्षण अंतिम चरण होंगे. पहली संगणक आधारित परीक्षा में कुल 100 प्रश्न पूछे जाएंगे, जबकि दूसरी परीक्षा में 120 प्रश्न होंगे. दोनों परीक्षाओं की अवधि 90 मिनट निर्धारित की गई है. गलत उत्तर देने पर एक-तिहाई अंक काटे जाएंगे. अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं. आवेदन पत्र भरने के बाद आवश्यक प्रमाण-पत्र अपलोड करना तथा शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा. अंत में आवेदन पत्र का प्रिंट सुरक्षित रखना आवश्यक है. यह भर्ती देशभर के लाखों युवाओं के लिए सरकारी नौकरी प्राप्त करने का बड़ा अवसर लेकर आई है और रेलवे भर्ती बोर्ड ने अभ्यर्थियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है.




# केवीएस और एनवीएस में शिक्षण व गैर-शिक्षण पदों पर भर्ती

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) और नवोदय विद्यालय संगठन (एनवीएस) ने 14,967 शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी है. इन पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 14 नवंबर से शुरू हो गई है और अभ्यर्थी 4 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं. भर्ती में सहायक आयुक्त, प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य, स्नातकोत्तर शिक्षक, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष तथा गैर-शिक्षण पद शामिल हैं. आवेदन शुल्क पद के आधार पर अलग-अलग निर्धारित किया गया है. सहायक आयुक्त और प्रधानाचार्य जैसे उच्च पदों के लिए सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 2,800 रुपये, जबकि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/शारीरिक रूप से अक्षम/पूर्व सैनिक वर्ग के लिए 500 रुपये तय किया गया है. अन्य शिक्षण और गैर-शिक्षण पदों के लिए शुल्क 1,700 से 2,000 रुपये के बीच है. भुगतान डेबिट/क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, आईएमपीएस या मोबाइल वॉलेट के माध्यम से किया जा सकता है. आयु सीमा पदों के अनुसार 18 से 50 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है. आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को संबंधित पद की शैक्षणिक योग्यता और आयु सीमा के लिए आधिकारिक अधिसूचना पढ़ना अनिवार्य है.

चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा, कौशल परीक्षण (यदि लागू हो), दस्तावेज़ सत्यापन और चिकित्सीय परीक्षण के आधार पर पूरी की जाएगी. आवेदन करने के इच्छुक अभ्यर्थी केवीएस/ एनवीएस की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं. छात्रों से अनुरोध किया गया है कि वे फॉर्म भरने से पहले पूरी अधिसूचना ध्यानपूर्वक पढ़ें ताकि सभी शर्तों का पालन किया जा सके.

# बिहार बीएसएससी स्टेनोग्राफर की ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

**बिहार** कर्मचारी चयन आयोग (बीएसएससी ) ने स्टेनोग्राफर/स्टेनो टाइपिस्ट ग्रेड-3 के 432 पदों के लिए भर्ती अधिसूचना जारी की है. ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 25 सितम्बर से शुरु हुई थी और अब उम्मीदवार 21 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं.

अंतिम फॉर्म जमा करने की तिथि 24 नवम्बर तक बढ़ा दी गई है. उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु पद अनुसार 42 वर्ष तक हो सकती है, जो 1 अगस्त को लागू होगी.

इस भर्ती के लिए उम्मीदवार ने इंटरमीडिएट (12वीं) परीक्षा किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण की होनी चाहिए और स्टेनोग्राफी का ज्ञान अनिवार्य है. आवेदन शुल्क सभी उम्मीदवारों के लिए 100 रुपये निर्धारित किया गया है, जिसे ऑनलाइन डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, इंटरनेट बैंकिंग, तत्काल भुगतान सेवा या मोबाइल वॉलेट के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है. चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा और व्यावहारिक परीक्षा शामिल है. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन करने से पहले आधिकारिक अधिसूचना ध्यानपूर्वक पढ़ लें. परीक्षा तिथि, प्रवेश पत्र और परिणाम की जानकारी बीएसएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर समय-समय पर उपलब्ध कराई जाएगी.

बिहार सरकार